**दिनांक–04.11.2024 के पूर्वा० 11:00 बजे श्री नवीन कुमार, भा०प्र०से०, उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, गया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजनान्तर्गत दिनांक–30.09.2024 तक ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर योग्य आवेदनों के चयन हेतु जिला चयन समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार।**

सर्वप्रथम सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण–सह–सदस्य नियोजक, जिला चयन समिति, गया द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बैठक की विचारणीय बिन्दुओं से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए बैठक प्रारंभ किया गया :–

- सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण–सह–सदस्य नियोजक, जिला चयन समिति, गया द्वारा सभी सदस्यों को बताया गया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना के तत्वाधान में बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न 24 ट्रेडों में गैर आवासीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु गया जिला को कुल 1150 आवेदन आमंत्रित करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य निर्धारित के आलोक में दिनांक–30.09.2024 तक गया जिला को ऑनलाईन के माध्यम निम्न प्रकार से आवेदन प्राप्त हुआ है :–

| क्र० | Trades का नाम | प्राप्त आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ASSISTANCE ELECTRICIAN | 27 |
| 2 | GENERAL DUTY ASSISTANT ADVANCED | 34 |
| 3 | PLUMBER GENERAL | 6 |
| 4 | TWO WHEELER SERVICE ASSISTANT | 5 |
| 5 | SOLAR PUMP TECHNICIAN | 4 |
| 6 | TWO WHEELER SERVICE TECHNICIAN | 4 |
| 7 | GENERAL DUTY ASSISTANT | 0 |
| | **TOTAL** | **80** |

- उपरोक्त विवरणी के अनुसार बिहार स्टेट माइनोरिटीज फाइनेन्सियल कारपोरेशन लि०, पटना (MMSSY) का पत्रांक–2857 दिनांक–26.09.2024 के आलोक में न्यूनतम Quorum संख्या 20 जबकि अधिकतम संख्या 40 है।
- उक्त मार्गदर्शिका के आलोक में दो Trades (1) ASSISTANCE ELECTRICIAN (2) GENERAL DUTY ASSISTANT ADVANCED में आवेदकों का न्यूनतम कोरम पुरा हुआ एवं चयन हेतु दिनांक–16.10.2024 को अप० 03:00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति, गया के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया जिसमें निम्न निदेश को पुरा करने के उपरांत अगले बैठक दिनांक–04.11.2024 को निर्धारित की गई है :–
    - (i) न्यूनतम कोरम पूरा करने वाले आवेदकों के मेधा सूची तैयार करना।
    - (ii) संबंधित चयनित ऐजेंसियों को प्रशिक्षण केन्द्र से संबंधित पूर्ण सूचना उपलब्ध कराना।
- उक्त के आलोक में Trades ASSISTANCE ELECTRICIAN में कुल 20 आवेदक एवं GENERAL DUTY ASSISTANT ADVANCED में कुल 19 आवेदक दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक–04.11.2024 को उपस्थित हुएं। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ASSISTANCE ELECTRICIAN में 10 आवेदकों का दस्तावेज सही पाया गया तथा GENERAL DUTY ASSISTANT ADVANCED में 9 आवेदक का दस्तावेज सही पाया गया।
- बिहार स्टेट माइनोरिटीज फाइनेन्सियल कारपोरेशन लि०, पटना (MMSSY) का पत्रांक–2857 दिनांक–26.09.2024 के आलोक में बैंच प्रारम्भ करने हेतु न्यूनतम Quorum संख्या 20 निर्धारित किया गया। न्यूनतम Quorum संख्या से कम आवेदन रहने पर आवेदक को प्रतिक्षारत में रखने का प्रावधान है।
- उपरोक्त के आलोक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पर्याप्त संख्या में ऑनलाईन आवेदन प्राप्त होने के उपरांत चयन हेतु अगली बैठक की तिथि निर्धारित की जायेगी।
- संबंधित TPs को निदेशित किया गया कि अपनी ओर से भी ऑन–लाईन आवेदन Generate कराने हेतु प्रयास करें।

अंत में सधन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Rakesh Kumar
Venture Skilled India Pvt. Ltd,
के प्रतिनिधि–सह–सदस्य,
जिला चयन समिति, गया।

Shajamol Mondal
04/11/24
Pipal Tree Venture Pvt. Ltd.
के प्रतिनिधि–सह–सदस्य,
जिला चयन समिति, गया।

प्रबंध निदेशक,
बी.एस.एम.एफ.सी. पटना द्वारा
प्राधिकृत–सह–सदस्य जिला चयन
समिति, गया।

जिला उद्योग केन्द्र के प्रतिनिधि,
–सह–सदस्य, जिला चयन समिति,
गया।

सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण
–सह–सदस्य–नियोजक, जिला चयन
समिति, गया।

उप विकास आयुक्त–सह–
अध्यक्ष, जिला चयन समिति,
गया।

ज्ञापांक– 452 दिनांक– 13/11/2024

प्रतिलिपिः– सभी सदस्य, जिला चयन समिति, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, गया।

उप विकास आयुक्त–सह–
अध्यक्ष, जिला चयन समिति,
गया।